(ख) यदि हां, तो इसके स्थान पर बढ़िया किस्म की लकड़ी के लिये भुगतान करने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या यह ठेकेदारों और इंजीनियरों की सांठगांठ से किया गया है और क्या सरकार का विचार इसकी जांच करने के लिये कोई समिति नियुक्त करने का है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह): (क) ठेकेदार को जो भुगतान किया गया है उसका सम्बन्ध सागौन की लकड़ी से है जिसका उपयोग, रेलवे विशिष्टियों के अनुसार, निर्माण-कार्यों में किया गया है । खिड़कियों के पल्लों में लगायी गयी लगभग 2000 वर्ग फुट सागौन की लकड़ी निर्धारित स्तर से घटिया किस्म की पायी गयी है । ठेकेदार से इसे बदलने के लिए कहा गया है ।

(ख) और (ग). सवाल नहीं उठता लालगढ़

रेलवे वर्कशाप (बीकानेर डिवीजन) के पास अस्पताल का निर्माण

2288. **श्री प० ला० बारूपाल :**
श्री धुलेश्वर मीना :
श्री बागड़ी :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री रतन लाल :
श्री साधू राम :
श्री यशपाल सिंह :
श्री विश्राम प्रसाद :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे के बीकानेर डिवीजन में बनाये जाने वाले अस्पताल में प्रथम श्रेणी की ईंटों का प्रयोग न किये जाने के बावजूद ठेकेदारों को प्रथम श्रेणी की ईंटों का ही भुगतान किया गया है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार का विचार इस मामले में कोई जांच समिति नियुक्त करने का है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). निर्माण कार्य में इस्तेमाल की गयी 87.5 प्रतिशत ईंटों की कीमत का भुगतान ठेकेदार को पहले दर्जे की ईंटों के भाव से किया गया है । स्थानीय रूप से उपलब्ध सबसे बढ़िया किस्म की ईंटें निर्माण-कार्य में लगायी गयी हैं । लेकिन, चूंकि ईंटें उत्तर रेलवे की पहले दर्जे की विशिष्टि के अनुसार नहीं हैं, इसलिए इनकी दर में समुचित कमी करने का विचार किया जा रहा है ।

(ग) केन्द्रीय जांच ब्यूरो इस मामले की पहले से जांच कर रहा है । ब्यूरो ने तकनीकी पहलू से सम्बन्धित रिपोर्ट मांगी है जो तैयार होने पर उसे भेज दी जायेगी ।

Overbridge at Kesinga Level Crossing

2289. **Shri P. K. Deo:** Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) the reason for the delay in the construction of an overbridge at Kesinga level crossing on the South Eastern Railway in spite of the repeated assurance given by Government in this behalf; and

(b) when the construction work is likely to be started?

The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri Sham Nath): (a) The site for the proposed road overbridge has not yet been finalized by the State Government.

(b) It is too early to indicate at this stage.